M2K	Date	:	17 June 2015
	Publication	:	Dainik Bhaskar
	Edition	:	Online
	Link:	:	http://www.bhaskar.com/news/MON-INDU-SERV-martin-aircraft-company-eyes-on-indian-market-5025096-NOR.html

dainikbhaskar.com Follow us:

Paytm CASUAL SHOES UP TO 80% CASH BACK SHOP NOW » T&C APPLY*

» New Zealand's Martin Aircraft Company Eyes On Indian Market

न्यूज़ीलैंड की मार्टिन एयरक्राफ्ट कंपनी की भारत पर नजर

INDUSTRY TEAM | Jun 17, 2015, 12:37 PM IST

A A COMMENTS 0

Cashback Offer on Flights
Get Upto Rs 700 off on Domestic Flights. Book Now with Cleartrip.

न्यूज़ीलैंड की मार्टिन एयरक्राफ्ट कंपनी की भारत पर नजर

पेरिस। न्यूज़ीलैंड की कंपनी मार्टिन एयरक्राफ्ट भारत को कमर्शियल तौर पर बेहद महत्वपूर्ण मार्केट मान रही है। इसीलिए कंपनी ने दक्षिण एशियाई देश में क्षेत्रीय बिक्री कार्यालय खोलने के लिए भारतीय कंपनी के साथ गठजोड़ किया है।

कंपनी ने कुछ चीनी फर्मों के साथ समझौते की भी घोषणा की और उम्मीद जताई कि चीन तथा भारत उसके मार्टिन जेटपैक उत्पाद के लिए उल्लेखनीय वाणिज्यिक अवसर उपलब्ध कराएंगे। मार्टिन एयरक्राफ्ट के सीईओ पीटर कोकर ने कहा कि मार्टिन जेटपैक का उपयोग तलाश और बचाव कार्यों एवं वाणिज्यिक उपयोग में किया जाता है। इसका इस्तेमाल रिमोट से भी किया जा सकता है।

एयर शो के दौरान कंपनी ने अपने मार्टिन जेटपैक तथा उसके हेवी लिफ्ट अनमैन्ड एरियल व्हीकल पेश किए जाने की घोषणा की। कंपनी ने नई दिल्ली के एम2के ग्रुप के साथ गठजोड़ किया है। यह गठजोड़ वाणिज्यिक रूप से महत्त्वपूर्ण भारतीय बाजार में क्षेत्रीय बिक्री कार्यालय खोलने के लिए किया गया है।

कोकर ने कहा, 'कंपनी ने इस वर्ष की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया प्रतिभूति बाजार में सूचीबद्ध होने के बाद तेजी से प्रगति की है। हम अब वाणिज्यिकरण के रास्ते पर हैं और शोध एवं विकास कंपनी से वाणिज्यिक इकाई के रूप में आगे बढ़ रहे हैं।'

COMMENTS 0

YOU MAY LIKE
Sponsored Links by Taboola

EXPAND + Flipkart
फ्लैट और ऊँची एड़ी के जूते
₹499 नीचे*
Shop Now

एडवेंचर टूर एंड ट्रेवल्स
वाटर स्पोर्ट्स

FASHION 101
कैसे करें अपनी नेकलाइन को ऐक्सेसराइज
हॉलिडे फोटोज? इन 7 मेकप आइटम्स से दिखें कमाल